प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सीखे जैविक खेती के गुर

पंतनगर। 29 जून 2022। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने जैविक फार्म, बाजपुर में जैविक खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की। जैविक फार्म स्वामी शोभित कंबोज ने विद्यार्थियों को जैविक खेती में गोमूत्र एवं गोबर के प्रयोग की बारीकियां एवं रखरखाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैविक खेती में गोबर की खाद से मृदा एवं पौधों को अच्छा पोषण मिलता है तथा गोमूत्र का उपयोग मृदा उपचार एवं बीज उपचार में किया जाता है जिससे उत्तम परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने फार्म में उगाए जाने वाले आम एवं केले की 20 से अधिक प्रजातियों के बारे में जानकारी दी।

इसी कड़ी में उत्तराखण्ड के प्रमुख पुष्प कृषक श्री गुरबख्श सिंह भी शामिल हुए, जो कई प्रादेशिक पुरस्कारों से सम्मानित किए जा चुके हैं, उन्होंने विद्यार्थियों को जैविक खेती के लाभ एवं सरकार से मिलने वाली सहायता से अवगत कराया। उनके अनुसार वर्तमान प्रदेश एवं केन्द्र सरकार जैविक खेती पर खासा जोर दे रही है तथा किसानों में इसके प्रचलन को बढ़ाने हेतु सब्सिडी एवं अन्य सहायता का भी प्रबंध किया गया है जो किसानों को समृद्ध बनाने के साथ–साथ उनकी आय दुगनी करने में खासा सफल हो रहा है। प्रोफेसर, टी.पी. सिंह व सहायक प्रोफेसर, अमित केसरवानी, सस्य विज्ञान विभाग के सफल मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण के अनुसार इस प्रकार के किसान एवं विद्यार्थियों के बीच का पारस्परिक संपर्क ना सिर्फ विद्यार्थियों में कृषि के प्रति उत्सुकता को सही दिशा प्रदान करते हैं परंतु कृषि में होने वाले सकारात्मक बदलावों को भी समाज के सामने प्रस्तुत करते हैं। अंत में सभी ने श्री शोभित कम्बोज एवं श्री गुरबख्श सिंह को अपने बहुमूल्य समय और ज्ञानदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।

जैविक खेती की जानकारी प्राप्त करते विद्यार्थी।